प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उद्यमी विकास योजना के तहत अयोध्या मंडल के 11 सौ से अधिक उद्यमियों को बांटा 47 करोड़ रुपय का ब्याज मुक्त ऋण।
2. मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाटलिंग प्लांट का शुभारम्भ करने के साथ–साथ लिटरेचर फेस्टिवल को भी किया संबोधित : रामनवमी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक।
3. केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव ने आज लखनऊ में ग्रामीण सहकारी समिति के कार्यक्रम को किया संबोधित : अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ने पर दिया जोर। और
4. केन्द्रीय कर्मचारी एक अप्रैल से कर सकेंगे नई एकीकृत पेंशन योजना के लिये आवेदन : पेंशन कोष नियामक ने जारी की अधिसूचना।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या दौरे के दौरान रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री उद्यमी विकास योजना के तहत अयोध्या मंडल के 11 सौ से अधिक उद्यमियों को 47 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप पर केन्द्रित

प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि वे सभी बैरियर हटाये गये हैं जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाधक थे। बाइट.....

*विगत आठ वर्ष में वे सभी बैरियर हटाये गये जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाधक हैं। उन सबको एकएक करके हटाया गया। आज उत्तर प्रदेश का युवा नौकरी प्राप्त कर रहा है। स्वतः रोजगार के साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहे हैं। विकास के बड़ेबड़े कार्य होंगे। रहे हैं और विकास और विरासत को जोड़ करके नये भारत का ये नया उत्तर प्रदेश अपने अन्नदाता किसानों के लिए अपनी मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए युवाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।*

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अयोध्या पहुंचने पर सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किये और संतों से मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज सदन में आयोजित लिटरचर फेस्टिवल कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा.....

*साहित्य यह समाज का दर्पण तो होता ही है। ये समाज के सृजन का आधार भी बनता है। समाज अगर सृजित होगा तो वह एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा। अच्छी लेखनी कालजयी लेखनी को पुनर्जीवित किए जाने की आवश्यकता है। आज के समय में चुनौती है क्योंकि पढ़ने लिखने की परंपरा बा हुई है डिजिटल मीडिया ने सोशल मीडिया ने अनेक बैरियर खड़े किये हैं। लेकिन इन बैरियर को पार करते हुए भी अगर हम कोई रास्ता फिर से*

*बना सके और कोई कालजयी रचना के सृजन का मार्ग इस प्रकार के लिटरेचर फेस्टिवल के माध्यम से आगे बढ़ा सकेंगे तो निश्चित ही साहित्य के लिए भी समाज के लिए भी वह अत्यंत उपयोगी साबित होगा।*

अयोध्या दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुक्त सभागार में अयोध्या के विकास के साथ–साथ रामनवमी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बॉटलिंग प्लांट का शुभारम्भ भी किया।

——————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ आशीष कुमार भूटानी ने आज लखनऊ में बख्शी का तालाब क्षेत्र में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के एक कायक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों द्वारा भंडारण की सुविधा बढ़ाई जानी चाहिए ताकि किसानों को दूर न जाना पड़े। श्री भूटानी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सहकारी समिति से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए ताकि किसानों की आय में वद्धि हो सके। बाइट.....

*तीन साढ़े तीन साल में मंत्रालय ने साठ से अधिक पहले ली है। चाहे वो पैक्स को लेकर हो चाहे चीनी मिलों को लेकर हो चाहे बैंकों को लेकर हो हर क्षेत्र में काम किया है कंप्यूटरीकरण कर रही है कंप्यूटराइजेशन एक तर्ज पर चल रहा है जिससे की सबको एक सीमलेसली एक सिस्टम में। जोड़ा जाए और पारदर्शिता आए और लोन लेने में सुविधा लोगों को हो और दूसरी तरफ जितने भी हमारे और आपके जो संस्थान है सोसाइटीज है उनका डेटाबेस भी हमने बनाया है। देश में कहाँ कहाँ सोसाइटी आप देख*

*सकते हैं खुद जाके ऑनलाइन किस गाँव में कितनी सोसाइटी है वो भी देख सकते हैं।*

श्री भूटानी ने बक्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित परसहिया गांव में दुग्ध सहकारी समिति का निरीक्षण भी किया।

---------

उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने एग्रीवोल्टिक्स परियोजना को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने ”उत्तर प्रदेश में एग्रीवोल्टिक्स परियोजनाओं का प्रदर्शन“ शीर्षक से राज्य सरकार के तकनीकी सहायता प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत एक ही भूमि पर भूमि की सतह पर कृषि और सतह से ऊपर सौर ऊर्जा उत्पादन दोनों संभव होंगे। इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

---------

लखनऊ नगर निगम में गृहकरदाताओं की सुविधा के लिये 22 और 23 मार्च यानी शनिवार और रविवार को सभी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर खोलने का निर्णय लिया है। नगर निगम ने सभी गृहकरदाताओं से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाते हुए समय से अपना गृहकर जमा कराएं।

———————

लखनऊ में दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या और लूट के मामले में पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने प्राथमिक जांच में लापरवाही पर इंस्पेक्टर आलमबाग समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। इनमें बस अड्डा चौकी प्रभारी, रात्रि अधिकारी और बस स्टैंड पर ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों के साथ ही रात्रि गश्त पर लगे यूपी 112 के कर्मी भी शामिल हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस टीमें तैनात की गई हैं।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आइ0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल से नई एकीकृत पेंशन योजना शुरू हो जायेगी। मौजूदा और नये भर्ती होने वाले कर्मचारी इसके लिये आवेदन कर सकेंगे। पेंशन कोष नियामक, ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो जायेगी। यूपीएस चुनने के लिये दावा फार्म भरना होगा, जिसके जरिये केन्द्र सरकार के 23 लाख से अधिक कर्मचारियों को एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस, राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपोएस के बीच चयन करने का विकल्प मिलेगा। एक बार विकल्प चुनने के बाद उसमें बदलाव नहीं किया जा सकगा।

————————

मऊ–शाहगंज खंड में नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते रेलवे ने शाहगंज से चलने वाली बलिया शाहगंज पैसेंजर ट्रेन 28 मार्च तक निरस्त कर दी है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मऊ–शाहगंज रेल खंड पर चल रहे दोहरीकरण कार्य के तहत खोरासन रोड सरायमीर और फरिहा के बीच पैच डबलिंग का कार्य होना है जिसकी वजह से ट्रेन को निरस्त किया गया है।

————————

भारत रत्न और प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की आज जयंती है। इस अवसर पर उनके पैतृक निवास स्थान वाराणसी में उनकी दरगाह पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा– सुप्रसिद्ध शहनाई वादक, भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ

ने अपने शहनाई वादन से भारत की सांस्कृतिक विरासत के विराट स्वरूप का विश्व से परिचय कराया, उनकी संगीत साधना वंदनीय है।

——————————

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गया है। इस साल पंजीकरण आधार से प्रमाणित होंगे और पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना होगा।कुल पंजीकरण में से 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन और 40 प्रतिशत ऑफलाइन होंगे, इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश समेत यात्रा मार्गों पर पंजीकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। चार धाम यात्रा तीस अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू होगी।

——————————

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बरेली में वन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री  डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने शिरकत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष वन महोत्सव पर लाखां की संख्या में पेड़ लगाये जा रहे हैं, जिससे प्रदेश की ग्रीन लैंड में बढ़ोतरी हो रही है। कार्यक्रम

में सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वनकर्मियों सहित कई किसानो को सम्मानित भी किया गया।

उधर, अमरोहा में एक कार्यक्रम में वन निरीक्षक सुमित राठी द्वारा वनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानव जीवन में उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

———————

मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में अंचल में कहीं कहीं वज्रपात और झोंकेदार हवा चलने को भी संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज से, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेईस मार्च से मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

———————

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी जिलों में 25, 26 और 27 मार्च को पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिलों में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि तीनों दिन विभाग की उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाएगा। इसके लिए महानिदेशक पर्यटन की ओर से सभी क्षेत्रीय

पर्यटन अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को प्रदर्शनी पंडाल का निर्माण करते हुए जनपद के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया जाएगा। इस दौरान पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की गई फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

————————

अयोध्या में रामनवमी के भव्य उत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। रामनवमी का मुख्य पर्व 6 अप्रैल को होगा जिसमें राम मंदिर में विशेष अनुष्ठान होंगे। पेश है एक रिपोट.....

*रामनवमी पर रामलला का विशेष अभिषेक और श्रृंगार होगा। सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस तक श्रीरामलला का अभिषेक होगा, जबकि साढ़े 10 बजे से 11 बजकर 40 मिनट तक पट बंद रहेगा। इसके बाद 11 बजकर 45 मिनट तक श्रीरामलला का श्रृंगार होगा। इस दौरान मंदिर के पट खुले रहेंगे। फिर श्रीरामलला को भोग अर्पित किया जाएगा, जिसके दौरान पट बंद रहेंगे। दोपहर 12:00 बजे श्रीराम के प्राकट्योत्सव के साथ भव्य आरती और सूर्य तिलक होगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

*पीटीसी अयोध्या*

(समाप्त)